प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

30 दिसंबर 2022

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की उधार और जमा दरें – दिसंबर 2022

दिसंबर 2022 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की उधार और जमा दरों संबंधी आंकड़े।

मुख्य विशेषताएं:

उधार दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अक्तूबर 2022 में 8.69 प्रतिशत से 17 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर नवंबर 2022 में 8.86 प्रतिशत हो गई।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर अक्तूबर 2022 में 9.35 प्रतिशत से 8 बीपीएस बढ़कर नवंबर 2022 में 9.43 प्रतिशत हो गया।
- एससीबी की निधि आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) का 1-वर्ष का औसत नवंबर 2022 में 8.05 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर 2022 में 8.21 प्रतिशत हो गया।
- सितंबर 2022 के अंत में एससीबी के कुल बकाया अस्थायी दर रुपया ऋणों में बाह्य बेंचमार्क आधारित उधार दर (ईबीएलआर) संबद्ध ऋणों का भाग 47.6 प्रतिशत था, जबकि एमसीएलआर संबद्ध ऋणों का भाग 46.5 प्रतिशत था।

जमा दरें:

- एससीबी की बकाया रुपया सावधि जमा पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अक्तूबर 2022 में 5.49 प्रतिशत से 13 बीपीएस बढ़कर नवंबर 2022 में 5.62 प्रतिशत हो गई।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1469